Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 28 ▫ रायपुर, गुरुवार 20 फरवरी 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव : दूसरे चरण का मतदान जारी

वोटरों में भारी उत्साह, सुबह से ही पोलिंग बूथों में लगी कतारें

रायपुर/जगदलपुर/धमतरी/पिथौरा/खरोरा 20 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में आज 43 ब्लॉकों में मतदान शुरू हो गई है. चुनाव को लेकर मतदाताओं में भारी उत्साह है. सुबह से ही मतदान केंद्रों में वोटरों की लंबी कतारें लगी हुई है. वोटिंग का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक रखा गया है. 21 फरवरी को मतगणना होगी. बता दें कि पहले चरण के चुनाव में 53 विकासखंडों में मतदान हुआ था, जिसमें 81.38 प्रतिशत औसत मतदान हुआ था. पहले चरण के चुनाव में अधिकतर जगहों पर भाजपा की जीत हुई थी.

छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव बैलेट पेपर पर हो रहे. दूसरे चरण के मतदान के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने कड़े इंतजाम किए हैं. प्रदेश के नक्सल प्रभावित इलाकों में भी कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान कराया जा रहा. मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. शांति पूर्ण मतदान कराने पोलिंग बूथों में पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है. दंतेवाड़ा जिले में जनपद पंचायत, जिला पंचायत, सरपंच और पंच पदों पर मतदान हो रहा. अंबिकापुर जिले में भी जनपद पंचायत सीतापुर और मैनपाट में मतदान शुरू हो गया है. इसके अलावा धमतरी, दुर्ग, गरियाबंद समेत कई जिलों में पंच, सरपंच, जिला और जनपद सदस्यों के लिए वोट डाले जा रहे हैं. दूसरे चरण के मतदान के बाद 21 फरवरी को मतगणना होगी.

झीरम में लोकतंत्र के प्रति बढ़ा विश्वास, ग्राम सरकार चुनने दिखा जबरदस्त उत्साह

छत्तीसगढ़ में आज ग्राम सरकार के लिए दूसरे चरण का मतदान जारी है. इस बीच कोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र एलेंगनार से 6 किलोमीटर दूर झीरम में भी ग्रामीण बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं. बुलेट पर बैलेट भारी पड़ रहा है. युवाओं से लेकर बूढ़ों तक सभी में काफी उत्साह नजर आ रहा है. लोगों का लोकतंत्र के प्रति विश्वास बढ़ रहा है. कड़ी सुरक्षा के बीच ग्रामीण दुर्गम रास्तों से उतरकर मतदान करने पहुंच रहे हैं.

इधर **धमतरी संवाददाता** ने बताया कि यहां मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की भारी भीड़ देखने मिल रही है । मतदान केन्द्रों के बाहर लंबी लंबी कतारों में मतदाता अपनी बारी का इंतज़ार कर रहे है । बता दे कि सुबह 9 बजे तक 15 प्रतिशत मतदान हो चुका था।

कुरूद में 2 सरपंच और 417 पंच हुए निर्विरोध निर्वाचित

कुरूद के 103 सरपंच पदों के लिए 346 उम्मीदवार, 1,147 पंच पदों के लिए 2,491 प्रत्याशी, 25 जनपद सदस्य पदों के लिए 68 उम्मीदवार और 4 जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए प्रत्याशी मैदान में हैं। कुरूद जनपद क्षेत्र में 2 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद का निर्वाचन निर्विरोध हो चुका है, और 417 पंच पदों पर भी निर्विरोध निर्वाचन हुआ है।

वहीं सुबह 11 बजे तक कुल 34 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस पंचायत निर्वाचन में कुरूद जनपद क्षेत्र के एक लाख 63 हजार 501 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कुरूद जनपद क्षेत्र में आज दूसरे चरण के मतदान से 103 सरपंचों, 25 जनपद सदस्यों, एक हजार 147 पंचों और 04 जिला पंचायत सदस्यों का निर्वाचन किया जाएगा। जनपद क्षेत्र में 82 हजार 141 महिला और 81 हजार 357 पुरूष मतदाताओं के साथ 03 अन्य श्रेणी का मतदाता भी वोट डालेगा।

कुरूद जनपद क्षेत्र में कुल 105 ग्राम पंचायतों में सरपंचों और एक हजार 564 पंच पदों के लिए नामांकन प्राप्त किए गए हैं। इनमें से 02 ग्राम पंचायतों में सरपंचों का निर्वाचन निर्विरोध हो गया है। इसी तरह कुल एक हजार 564 पंच पदों में से 417 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन किया जा चुका है। कुरूद जनपद क्षेत्र में अब 103 सरपंच पदों पर निर्वाचन के लिए 346 अभ्यर्थी और एक हजार 147 पंच पदों के लिए दो हजार 491 प्रत्याशी मुकाबले में हैं। कुरूद जनपद क्षेत्र में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए 303 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जनपद क्षेत्र में 25 जनपद सदस्य पदों के लिए 68 और 04 जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए उम्मीदवार मैदान में हैं। मतदान कराने के लिए लगभग 333 मतदान दल बनाए गए हैं। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने इस चुनाव को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं। पूरे जनपद क्षेत्र को 17 सेक्टरों में बांटा गया है, जिनमें 50 रूट चिन्हित किए गए हैं। कुल 303 मतदान केंद्र बनाए गए हैं और लगभग 333 मतदान दलों की तैनाती की गई है। मुख्य कंट्रोल रूम से पूरी प्रक्रिया पर नजर रखी जा रही है।

वनांचल क्षेत्रों से पैदल चलकर मतदाताओं ने मतदान किया

पिथौरा संवाददाता ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनने के द्वितीय चरण के मतदान करने आज प्रात: से ही मतदाताओं में उत्साह का वातावरण देखने को मिला महिला , पुरुषों , युवक , युवतियों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया । वनांचल क्षेत्रों से महिलाओं ने पैदल चल कर आज अपने मतदान केंद्र पहुँच कर ग्राम सरकार चुनने अपना मतदान किया । विकासखंड अंतर्गत जनपद क्षेत्र के 238 गाँव में 278 मतदान केंद्र बनाये गये थे । आज पिथौरा के 125 ग्राम पंचायतों में मतदान करने सुबह 7 से दोपहर बाद 3 बजे तक मतदान का समय निर्धारित किया गया था । उल्लेखनीय है कि 125 ग्राम पंचायतों के 8 ग्राम पंचायतों में सरपंच निर्विरोध चुने जा चुके हैं । शेष के लिये आज मतदातादाओं ने मतदान किये । समाचार लिखे जाने तक मतदान केंद्रों में मतदान जारी है । देर रात्रि तक चुनाव के परिणाम घोषित होंगे ।

बाहर काम करने वाले लोग पहुंचे गांव

खरोरा संवाददाता ने बताया कि त्रि स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तहत तिल्दा विकास खंड में दितीय चरण का मतदान 20 फरवरी गुरुवार शुरू हुआ । जिसमें स्कूल में चुनाव त्यौहार का माहौल था। स्थानीय चुनाव के कारण वोट डालने नागरिकों का उत्साह छलक रहा था। प्रात: 8 बजे से ही सभी 3 मतदान केंद्रों में नागरिकों के वोट डालनेका सिलसिला प्रारंभ हो गया। चुनाव 2025 का मतदान संपन्न हो रहा है। मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वैसे तीनों मतदान केंद्रों में व्यवस्थाएं सुचारू थी बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए समुचित व्यवस्था की गई थी। शांतिपूर्ण रूप से मतदान अंतिम समय तक चलता रहा, दोपहर 12:00 बजे के आसपास 44 प्रतिशत मतदान हो चुका था इस बार मतदाताओं ने भारी उत्साह में मतदान किया गांव के बाहर काम करने वाले लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे हुए थे, यह एक स्वच्छ प्रजातंत्र का संदेश भी है। तीन स्कूलों में मतदान केंद्र बनाए गए । प्राथमिक शाला केशला में मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। पुलिस की चौकसी ने मतदान प्रक्रिया को और चौकस कर दिया था कहीं बहुत ही खुशनुमा माहौल में केशला का मतदान संपन्न हो रहा है

रेखा गुप्ता ने ली दिल्ली की मुख्यमंत्री की शपथ

प्रवेश वर्मा-कपिल मिश्रा समेत 6 मंत्रियों ने ली शपथ

नई दिल्ली, 20 फरवरी (न्यूज चैनल)। शालीमार बाग से पहली बार भाजपा विधायक बनीं रेखा गुप्ता ने आज दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। बीजेपी 27 साल बाद राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता में लौटी है। सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी के बाद वह अब दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री हैं। 50 वर्षीय गुप्ता ने 5 फरवरी को हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी आम आदमी पार्टी (आप) प्रतिद्वंद्वी बंदना कुमारी के खिलाफ 29,000 से अधिक वोट हासिल करके शालीमार बाग सीट जीती। काम ही पहचान (मेरा काम ही मेरी पहचान है), एक टैगलाइन है जिसे वह अपनी वेबसाइट पर अपने अभियानों के लिए उपयोग करती है।

उनके मंत्रिपरिषद में प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, पंकज सिंह, मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा और रविंदर इंद्राज शामिल हैं, जो रामलीला मैदान में मेगा समारोह में शपथ लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों सहित अन्य शीर्ष भाजपा नेता इस समारोह में पार्टी के मेगा शक्ति प्रदर्शन के रूप में भाग लिए हैं क्योंकि यह लगभग तीन दशकों के बाद सत्ता में लौटी है। शपथ ग्रहण समारोह के बाद एनडीए गठबंधन की एक अहम बैठक भी होगी जिसमें पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे। मनोनीत मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा द्वारा उन्हें इस पद के लिए चुना जाना प्रधानमंत्री के महिला सशक्तीकरण के दृष्टिकोण को दर्शाता है। उन्होंने गुरुवार सुबह कहा महिलाओं के प्रति पीएम मोदी के दृष्टिकोण और सकारात्मकता ने इसे संभव बनाया है।

पीएम मोदी-अमित शाह मौजूद

मुख्यमंत्री साय ने दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने पर रेखा गुप्ता को दी बधाई,

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रेखा गुप्ता को नई दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने पर छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से बधाई दी हैं. इसके साथ उन्होंने उम्मीद जताई कि वे दिल्ली के विकास और सुशासन को नई दिशा देंगी.

2,500 वित्तीय सहायता 8 मार्च तक खातों में जमा कर दी जाएगी

दिल्ली की मनोनीत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आश्वासन दिया कि भाजपा सरकार महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक वित्तीय सहायता प्रदान करने के अपने चुनावी वादे को पूरा करेगी। गुप्ता ने कहा कि मासिक सहायता की पहली किस्त 8 मार्च तक उनके खातों में जमा कर दी जाएगी। चुनावों से पहले, भाजपा के घोषणापत्र का लक्ष्य सत्ता में आने पर आम आदमी पार्टी की 2,100 रुपये मासिक सहायता की घोषणा को मात देना था।

नाबालिग लड़की से की गैंगरेप, पीड़िता ने लगाई फांसी, मिला सुसाइड नोट

दुर्ग/भिलाई, 20 फरवरी (हाईवे चैनल)। दुर्ग जिले के भिलाई से एक नाबालिग के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। घटना के दो दिन बाद पीड़िता ने सुसाइड नोट छोड़ते हुए खुदकुशी कर ली है। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने थाने का घेराव भी किया और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भिलाई में १७ साल की लड़की ने गैंगरेप के बाद घर पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। कमरे में सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने आदी बारले (१९ साल) और उसके दोस्तों पर गैंगरेप करने का आरोप लगाया है। लड़की के मोबाइल में कई ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मिले हैं, जिसमें १६ फरवरी को गैंगरेप का जिक्र है। घटना के दो दिन बाद रविवार १८ फरवरी को उसने सुसाइड किया है। आदी और नाबालिग के बीच जून से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसने कई महीने तक लड़की के साथ संबंध बनाए। परिजनों ने बेटी को ब्लैकमेल करने की बात भी कही है। वहीं पुलिस के मुताबिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने, सुसाइड नोट और अन्य सबूतों की जांच के बाद ही चीजें स्पष्ट हो पाएंगी।

आदी बारले और नाबालिग लड़की एक ही मोहल्ले में रहते थे, दोनों के बीच प्यार का मामला था। पिछले कई महीनों से वे एक दूसरे से फोन पर बातें करते और वॉट्सअप में चैट करते थे। धीरे-धीरे उनके बीच नजदीकियां इतनी बढ़ गईं कि आदी ने लड़की को अकेले कमरे में बुलाना शुरू कर दिया। जब नाबालिग उससे मिलने पहुंची तो उसने उसे प्यार और जीवन भर साथ देने का वादा करके उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। आदी के दोस्तों को जब यह बात पता चली तो उन लोगों ने मिलकर लड़की का गैंगरेप करने का प्लान बना डाला। १६ फरवरी को आदी ने लड़की को अकेले होने की बात बोलकर अपने कमरे में बुलाया। उसके बाद वहां उसके दोस्त पहुंच गए और इसके बाद सभी ने उसकी मजबूरी का फायदा उठाकर उसके साथ गैंगरेप किया। इस घटना से लड़की इतनी टूट गई की उसने पूरी सच्चाई अपने भाई और मां को बताई। इसके बाद १८ फरवरी की दोपहर जब घर में कोई नहीं था, तब वह पंखे से फंदा बनाकर झूल गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मतपेटी लूटने की कोशिश, पुलिस ने 100 से अधिक ग्रामीणों को बनाया आरोपी

मनेन्द्रगढ़, 20 फरवरी (हाईवे चैनल)। मतदान केंद्र के भीतर घुसकर मतपेटी लूटने का प्रयास करने वाले 7 नामजद सहित 100 आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध हुआ है। प्रार्थी योगेश्वर सिंह निवासी ग्राम तामडांड थाना बैकुंठपुर ने आरोपी राम सिंह, राम अधार, दिनेश वियार, आरत, शिवकुमार, भजन, जगत एवं उनके साथी लगभग 100 व्यक्ति सभी निवासी ग्राम कटकोना के विरुद्ध लिखित शिकायत दी थी। जिसमें बताया कि 16 फरवरी को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव वर्ष 2025 में मतदान केन्द्र कमांक 26 अतिरिक्त भवन कटकोना में सैनिक भाल चन्द के साथ पीठासीन अधिकारी मुकदेव राम भगत एवं मतदान दल के कर्मचारियों के साथ जाने और चुनाव कराने के दौरान शांति व्यवस्था ड्युटी हेत लगा था। 17 फरवरी को शाम करीब 07.30 बजे मतदान पार्टीयों द्वारा मतगणना कर कमरे के अंदर थे, उसी समय बिजली का लाईन कट गया था, जिसको लेकर आरोपियों द्वारा मतदान कक्ष के पास आकर मां - बहन की अश्लील गाली गलौज करते जान से मारने की धमकी देकर प्रार्थी वनरक्षक योगेश्वर सिंह एवं सैनिक भाल चन्द को मारपीट करते हुये मतदान केन्द्र का दरवाजा को तोडते हुये चार आरोपियों द्वारा मतदान केन्द्र कक्ष के अन्दर घुसकर मतदान पेटी को लुटने का प्रयास करने लगे, जब सुरक्ष कर्मियों द्वारा मतदान पेटी को ले जाने के लिये मना किये तो आरोपियों द्वारा दौड़ा दौड़ा कर पीटने लगे और जब पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी बीच बचाव करने आयी, तो पुलि पार्टी के उपर हमला किये है।

ड्यूटी में लापरवाही पड़ी भारी, गिरी निलंबन की गाज

जशपुर, 20 फरवरी (हाईवे चैनल)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में लापरवाही बरतना पटवारी और शिक्षकों को भारी पड़ गया. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन की पहली कार्रवाई जशपुर जिला के कांसाबेल विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रधान पाठक जुनास खलखो के खिलाफ हुई है. प्रधान पाठक की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ड्यूटी पीठासीन अधिकारी के तौर पर लगाई गई थी. लेकिन सामग्री वितरण के दौरान खलखो नशे की हालत में पाए गए. कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित करते हुए कांसाबेल विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय नियत किया गया.

ग्राम पंचायत सुरेगांव में 23 को होगा पुर्नमतदान

बालोद, 20 फरवरी (हाईवे चैनल)। जिला के विकासखण्ड डौण्डीलोहरा में ग्राम पंचायत सुरेगांव के वार्ड क्रमांक 08 में प्रतीक आबंटन संबंधी त्रुटि हो जाने के कारण अभ्यर्थियों को गलत प्रतीक चिन्ह आबंटित हो गये। ग्राम पंचायत सुरेगांव के वार्ड क्रमांक 8 में दो अभ्यर्थी को आबंटित प्रतीक गलत हो जाने के कारण मतपत्र में उन्हें एक दुसरे के प्रतीक मुद्रित हो गये। इस कारण से ग्राम पंचायत सुरेगांव के वार्ड क्रमांक 8 के लिए पंच पद हेतु दिनांक 17 फरवरी 2025 को संपन्न हुआ मतदान दूषित हो गया। राज्य निर्वाचन आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारी के प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम पंचायत सुरेगांव के वार्ड क्रमांक 8 के पंच पद के लिए दिनांक 17 फरवरी 2025 को हुए मतदान को शुन्य घोषित करते हुए मतदान की नई तारीख दिनांक 23 फरवरी 2025 निर्धारित की है।

दुर्ग रेलवे स्टेशन में अतिरिक्त फोर्स की तैनाती

भिलाई, 20 फरवरी (हाईवे चैनल)। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कुछ दिन पहले हुई भगदड़ में कई यात्रियों की जान जाने के बाद दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने सबक लिया है। यहां सभी स्टेशनों में आरपीएफ के जवानों की तैनाती बढ़ाने के साथ कई सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। यात्रियों को स्टेशन से ट्रेन के अंदर लाइन में खड़ा कर जाने दिया जा रहा है। दुर्ग से प्रयागराज की तरफ जाने वाली ट्रेनों की बात करें तो यहां महाकुंभ के चलते भीड़ दिन पर दिन बढ़ती जा रही है।

चूहा- सुनती हो, दिल्ली में सीएम बनकर अब आ गई हैं रेखा गुप्ता।
चुहिया- हां जी, केजरीवाल-आतिशी का हिसाब-किताब करेगी चुकता..!

सर्वोच्च न्यायालय से देवेन्द्र यादव को मिली जमानत

भिलाईनगर, 20 फरवरी (हाईवे चैनल)। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। देव बलोदा कांड के आरोप में पिछले 6 महिने से जेल में बंद थे। विधायक देवेंद्र को 17 अगस्त 2024 में गिरफ्तार किया गया था। लगातार जमानत के लिए कोशिश की जा रही थी। बिलासपुर हाई कोर्ट से राहत नहीं मिली थी। अब जाकर सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट से जमानत की खबर आते ही पर कांग्रेसियों में खुशी के लहर दौड़ गई। कांग्रेसी नेताओं का कहना है कि सत्य की जीत हुई है। संविधान की जीत हुई है। भाजपा सरकार ने सतनामी आवाज को दबाने के लिए विधायक को जेल में बंद किया था। बलौदा बाजार.हिंसा मामले में 17 अगस्त से रायपुर जेल में बंद भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलते ही परिवार में खुशी की लहर है। बता दें कि 19 फरवरी को विधायक का जन्मदिन था।

देवेंद्र यादव की जमानत को भूपेश बघेल ने बताया 'सत्य की जीत और सरकारी षड्यंत्र की हार'

रायपुर, 20 फरवरी (हाईवे चैनल)। बलौदाबाजार आगजनी मामले में आरोपी बनाए गए भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सत्य की जीत और सरकारी षड्यंत्र की हार करार दिया है. यह भी पढ़ें - कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत, बलौदाबाजार आगजनी मामले में हैं आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक्स पर किए अपने पोस्ट में लिखा कि सर्वोच्च न्यायालय ने आज सरकारी षड्यंत्र में जेल में बंद भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को जमानत दे दी है. यह सत्य की जीत है. यह सरकारी षड्यंत्र की हार है. आने वाले समय में यह साबित हो जाएगा कि सरकार ने उन्हें गलत तरीके से महीनों जेल में रखा।

उच्च न्यायालय के जज के खिलाफ लोकपाल के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

नई दिल्ली, 20 फरवरी (न्यूज चैनल)। सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के खिलाफ दिए गए लोकपाल के आदेश पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि ये बहुत परेशान करने वाली बात है। सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर चिंता जाहिर की। सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। साथ ही लोकपाल रजिस्ट्रार और उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की शिकायत करने वाले शिकायतकर्ता को भी नोटिस जारी किया है। दरअसल लोकपाल ने उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश के खिलाफ शिकायत पर सुनवाई की। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेते हुए इस मुद्दे पर सुनवाई की कि क्या उच्च न्यायालय के न्यायाधीश भारत के लोकपाल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं या नहीं?

जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस अभय ओक की पीठ ने सुनवाई के दौरान लोकपाल के उच्च न्यायालय के जज के खिलाफ शिकायत सुनने पर नाराजगी जताई और इसे बेहद परेशान करने वाली बात बताया। पीठ ने उन न्यायाधीश के नाम का खुलासा करने पर भी रोक लगा दी है, जिनके खिलाफ लोकपाल ने शिकायत सुनी। सुप्रीम कोर्ट ने शिकायतकर्ता को निर्देश दिया है कि वे हाईकोर्ट के जज के नाम को गोपनीय रखें। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश लोकपाल और लोकायुक्त कानून 2013 के अधिकार क्षेत्र में कभी नहीं आएंगे। अब पीठ इस मामले पर 18 मार्च को सुनवाई करेगी।